# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 06 दिसंबर, 2023

## PMFME योजना के तहत एक ज़िला एक उत्पाद

**केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री** ने लोकसभा में एक लिखित प्रत्युत्तर में 'एक ज़िला एक उत्पाद' (ODOP) के बारे में जानकारी दी है।

- **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI) ने संबंधित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की सिफारिशों पर** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (PMFME) योजना **के तहत 35 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 713 ज़िलों के लिये ODOP को मंज़ूरी दी है।**
- ODOP देश के प्रत्येक ज़िले से एक उत्पाद को बढ़ावा देने और ब्रांडिंग करके ज़िला स्तर पर आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की एक पहल है।
- 20 विशिष्ट उत्पादों सहित महाराष्ट्र राज्य के सभी 36 ज़िलों के लिये ODOP को मंज़ूरी दे दी गई है।
- **PMFME योजना** के तहत **पश्चिम बंगाल** राज्य द्वारा **किसी भी ODOP उत्पाद की अनुशंसा नहीं की गई** है।

**और पढ़ें...** 'एक ज़िला एक उत्पाद' योजना

## 'फर्ज़ी मनरेगा जॉब कार्ड हटाए गए

पिछले दो वित्तीय वर्षों **2021-22** और **2022-23** में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS) के तहत **'फर्ज़ी जॉब कार्ड'** के चलते **10 लाख** से अधिक जॉब कार्ड हटा दिये गए हैं।

- **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005** की **धारा 25** के अनुसार, जो कोई भी इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करेगा, दोषी पाए जाने पर उस पर जुर्माना लगाया जाएगा, जो **एक हजार रुपए** तक हो सकता है।
- **2021-22** और **2022-23** में सबसे अधिक संख्या में **फर्ज़ी जॉब कार्ड उत्तर प्रदेश** में हटाए गए हैं और उसके बाद **मध्य प्रदेश** का स्थान है।
- सार्वजनिक कार्य से संबंधित अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक किसी भी ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में **100 दिनों** के रोज़गार की गारंटी देने के लिये **ग्रामीण विकास मंत्रालय** द्वारा मनरेगा शुरू किया गया था।

**और पढ़ें...** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-06-december,-2023